Naidunia (Indore), 19th June 2026, Page-01

दबदबा

डीयू ने वैश्विक स्तर पर 322वीं रैंक हासिल की, जो पिछले वर्ष की 328वीं रैंक से बेहतर

आइआइटी दिल्ली क्यूएस रैंकिंग में देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान

नईदुनिया न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली : आइआइटी दिल्ली ने क्यूएस रैंकिंग में अपना दबदबा कायम रखा है। शनिवार को जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2027 के अनुसार आइआइटी दिल्ली ने दुनियाभर में 118वीं रैंक हासिल की है और यह देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान बना हुआ है। पिछली रैंकिंग में भी यह भारत की सबसे ऊंची रैंकिंग वाला संस्थान घोषित किया गया था।

एएनआइ के अनुसार, आइआइटी दिल्ली ने पिछली रैंकिंग (123वीं रैंक) से पांच स्थान ऊपर छलांग लगाई है। यह नई रैंकिंग क्यूएस रैंकिंग में किसी भारतीय संस्थान का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। नियोक्ता प्रतिष्ठा मामले में संस्थान को वैश्विक स्तर पर 39वीं रैंक प्राप्त हुई है, जो दुनियाभर के नियोक्ताओं के बीच इसके छात्रों की उच्च मांग और विश्वसनीयता को दर्शाती है।

इंटरनेट मीडिया के अनुसार, क्यूएस रैंकिंग में भारत के 52 शिक्षण संस्थानों को जगह मिली है। हालांकि, दुनिया के 100 श्रेष्ठ संस्थानों में भारत का कोई विश्वविद्यालय शामिल नहीं है। दुनिया के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में भी सिर्फ तीन भारतीय संस्थान ही जगह बना पाए।

आइआइटी दिल्ली।

विश्वसनीय और व्यापक मूल्यांकन

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग को दुनियाभर में उच्च शिक्षा का एक विश्वसनीय और व्यापक मूल्यांकन माना जाता है। यह छात्रों को उच्च शिक्षा और करियर के लिए सबसे बेहतरीन शैक्षणिक संस्थान चुनने में मदद करती है। क्यूएस रैंकिंग मुख्य रूप से अकादमिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय-छात्र अनुपात, शोध कार्यों के प्रभाव और अंतरराष्ट्रीय संकाय तथा छात्र अनुपात जैसे मानकों पर विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन करती है। यह रैंकिंग दुनियाभर के विश्वविद्यालयों का निष्पक्ष मूल्यांकन प्रदान करती है।

भारत के शीर्ष पांच संस्थान

- आइआइटी, दिल्ली
- आइआइटी, बंबई
- आइआइटी, मद्रास
- आइआइटी, खड़गपुर
- भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु

विश्व के शीर्ष पांच संस्थान

- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, अमेरिका
- इंपीरियल कालेज लंदन, ब्रिटेन
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका
- आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका

आइआइटी इंदौर की 546 क्यूएस रैंकिंग

इंदौर: गुरुवार को विश्वभर के शैक्षणिक संस्थानों को लेकर क्यूएस रैंकिंग जारी की गई है। सूची में आइआइटी इंदौर और आइआइएम इंदौर ने भी जगह बनाई है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में आइआइटी इंदौर ने 546वीं रैंक हासिल की है। पिछले साल की तुलना में संस्थान दस पायदान ऊपर आया है। 2026 में संस्थान 556वीं रैंक पर रहा। जबकि मैनेजमेंट संस्थानों की सूची में आइआइएम इंदौर ने 151-200 बैंड में जगह बनाई है।